# हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

(अष्टम् सत्र)

**मौखिक उत्तर हेतु प्रश्न**

## सोमवार, 30 मार्च, 2015/9 चैत्र, 1937 (शक्)

----

**[सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री - वन मंत्री - शहरी विकास मंत्री तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ].**

**कुल प्रश्न - 26**

----

### पेयजल योजनाएं

***1825 श्री राकेश कालिया (गगरेट) :**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि गत तीन वर्षों में सरकार द्वारा जिला ऊना की कितनी पेयजल योजनाएं स्वीकृत की गईं; ब्यौरा मण्डलवार दें?

----

### राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना

***1826 श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) वर्तमान में प्रदेश में 'राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना' चल रही है; यदि हां, तो इसके कितने लाभार्थी या स्मार्ट कार्ड धारक हैं;

(ख) कौन-कौन से वर्ग को स्मार्ट कार्ड बनाने हेतु चुना गया है; ब्यौरा दें; और

(ग) गत दो वर्षों में इस योजना से प्रदेश में कितने स्मार्ट कार्ड होल्डर लाभान्वित हुए; ब्यौरा जिलावार दें ?

----

## वृक्षों को सूखने से बचाना

*1827 **श्री इन्द्र सिंह (सरकाघाट)ः**

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि प्रदेश के जंगलों में बहुत से पेड़ों पर क्रीपरज़ (Creepers) आने से बहुत से पेड़ सूख रहे हैं; और

(ख) यदि हां, तो विभाग पेड़ों को सूखने से बचाने हेतु क्या पग उठा रहा है; ब्यौरा दें ?

----

## आवास निर्माण हेतु आवेदन

*1828 **श्री रिखी राम कौंडल(झण्डुता) :**
**श्री जय राम ठाकुर (सिराज़) :**
**श्री रणधीर शर्मा (श्री नैना देवीजी) :**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) दिनांक 1.1.2013 से 15.2.2015 तक प्रदेश में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति व पिछड़ा वर्ग के गृह निर्माण की स्वीकृति हेतु कितने आवेदन प्राप्त हुये;

(ख) इनमें से कितने आवेदन ठीक पाये गये और कितने स्वीकृत किये गये व कितने लम्बित पड़े हैं; ब्यौरा नाम-पते सहित खण्डवार दें; और

(ग) वित्तीय वर्ष 2014-15 में सरकार ने कितनी राशि गृह निर्माण के लिए खर्च की ; ब्यौरा दें ?

----

## चिकित्सकों की रिक्तियां

*1829 **श्री गोविन्द राम शर्मा (अर्की)ः**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि अर्की विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत Civil Hospital/FRU अर्की में चिकित्सकों के पद रिक्त पड़े हैं; और

(ख) यदि हां, तो इन्हें कब तक भर दिया जाएगा ?

----

## उठाऊ सिंचाई योजना कूकेना

*1830 **श्री किशोरी लाल (बैजनाथ):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-
(क) बैजनाथ विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत उठाऊ सिंचाई योजना कूकेना कब बन कर तैयार हुई; इस पर कितनी धनराशि व्यय की गई; ब्यौरा दें;

(ख) इस योजना की अद्यतन स्थिति क्या है; और

(ग) उठाऊ सिंचाई योजना मझैरना को कब तक पुनः चलाने की योजना है ?

----

## PHC Ramshehar

*1831 **Shri Krishan Lal Thakur (Nalagarh):**

Will the **Health & Family Welfare Minister** be pleased to state that:-
(a) what is the criteria for upgradation of PHC to CHC;

(b) whether the Government proposes to upgrade PHC Ramshehar to CHC;

(c) if yes, by when; and

(d) if not, the reasons thereof ?

----

## नियमों में छूट

*1832 **श्री राम कुमार (दून):**

क्या **शहरी विकास मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार क्या TCP अधिनियम में संशोधन कर यह प्रावधान करने पर विचार करेगी कि रिहायशी मकानों के नक्शे पास करते समय Setbacks चारों तरफ छोड़ने की जगह चण्डीगढ़ की तर्ज पर मकान के आगे व पीछे छोड़े जाएं ?

----

## आंगनबाड़ी केन्द्र

*1833 **श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात):**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) वर्तमान में भटियात विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम पंचायत खनोड़ा में

आंगनबाड़ी थौना व घट्टा (सिम्बल घट्टा) में कितने बच्चे हैं; ब्यौरा नाम सहित दें; और

(ख) आंगनबाड़ी खोलने के क्या-क्या मापदण्ड हैं; ब्यौरा दें ?

----

## हैण्ड पम्पों की स्थापना

***1834** **श्री संजय रतन (ज्वालामुखी):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि दिनांक प्रथम जनवरी, 2008 से लेकर 30 नवम्बर, 2012 तक सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मण्डल देहरा के अन्तर्गत ज्वालामुखी, देहरा व जसवां-प्रागपुर विधान सभा चुनाव क्षेत्रों में कितने-कितने हैण्ड पम्प लगे; ब्यौरा क्षेत्रवार दें ?

----

## स्वास्थ्य संस्थानों को स्तरोन्नत करना

***1835** **श्री ईश्वर दास धीमान (भोरंज) :**
**श्री रविन्द्र सिंह (देहरा) :**
**श्री सतपाल सिंह सत्ती (ऊना) :**
**श्री बिक्रम सिंह (जसवां-प्रागपुर) :**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) दिनांक 1.1.2013 से 15.2.2015 तक प्रदेश में कितने सामुदायिक स्वास्थ्य/ प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों को स्तरोन्नत किया गया और कहां-कहां;

(ख) नागरिक अस्पताल के रूप में उन्नयन के लिए क्या-क्या मापदण्ड निर्धारित हैं; ब्यौरा भवन, आधारभूत ढांचा, डॉक्टर, पैरा-मैडिकल स्टॉफ व अन्य स्टॉफ सहित दें; और

(ग) सभी स्तरोन्नत अस्पतालों में क्या यह व्यवस्था उपलब्ध करवा दी गई है; ब्यौरा अस्पतालवार दें?

----

## Sewage System

***1836** **Smt. Asha Kumari (Dalhousie ):**

Will the **Urban Development Minister** be pleased to state that:-

(a) what is the estimated cost of sewage system for Dalhousie town; and

(b) what steps the Government is taking to construct the sewage system for Dalhousie town ?

----

## उठाऊ सिंचाई योजना धमान्दर

***1837 श्री सुरेश कुमार (पच्छाद):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-

(क) पच्छाद विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम पंचायत टाली उज्जल/माटल बखोग व कोटी पधोग में उठाऊ सिंचाई योजना धमान्दर का निर्माण कार्य चल रहा है;

(ख) यह कार्य कब प्रारम्भ किया था व इसमें किस-किस गांव को जोड़ा जाएगा;

(ग) इस योजना का अभी तक कितना कार्य किया गया व कितना शेष है; और

(घ) इस पर कितना खर्च किया जाना प्रस्तावित है व कितना हो चुका है; ब्यौरा दें ?

----

## मध्य हिमालयन जलागम परियोजना

***1838 श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि मध्य हिमालयन जलागम परियोजना को वर्ष 2016 में World Bank द्वारा बन्द करने का प्रस्ताव है या सरकार इसे आगे बढ़ाने का विचार रखती है;

(ख) वित्तीय वर्ष 2014-15 में जिला मण्डी में मध्य हिमालयन जलागम परियोजना में कितने बजट का प्रावधान है और अभी तक कितना व्यय किया गया है; ब्यौरा दें; और

(ग) सरकार क्या जिला मण्डी के अन्तर्गत अन्य पंचायतों में इस योजना को सम्मिलित करने का विचार रखती है ?

----

## सड़कों की मरम्मत

***1839 श्री सुरेश भारद्वाज (शिमला):**

क्या **शहरी विकास मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वर्तमान में नगर निगम शिमला के अधीन कुल कितनी सड़कें हैं; ब्यौरा सड़कवार दें; और

(ख) गत दो वर्षों में इन सड़कों की मरम्मत व तारकोल बिछाने का कार्य कब-कब किया गया व कितनी- कितनी धनराशि खर्च की गई; ब्यौरा दें ?

----

## स्वास्थ्य संस्थानों में रिक्तियां

***1840 श्री गुलाब सिंह ठाकुर (जोगिन्द्रनगर):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) जोगिन्द्रनगर विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र लांगणा व पंडोल में चिकित्सकों तथा पैरामैडिकल स्टाफ के कितने पद सृजित हैं तथा वर्तमान में कितने पद कब-कब से रिक्त हैं; और

(ख) इन पदों को कब तक भर दिया जाएगा ?

----

## हैण्डपम्पों की स्थापना

***1841 श्री पवन काजल (कांगड़ा):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-

(क) गत तीन वर्षों में कांगड़ा विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत कितने हैण्डपम्प लगाए गए; इनमें से कितने चालू हालत में हैं और कितने खराब हैं; और

(ख) इन खराब हैण्डपम्पोंको कब तक ठीक कर दिया जाएगा ?

----

## भवन निर्माण

***1842 श्री किरनेश जंग (पांवटा साहिब):**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि पांवटा विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत कितने आंगनबाड़ी केन्द्र अपने भवन, कितने निजी व सामुदायिक भवनों में चल रहे हैं; ब्यौरा दें ?

----

## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र शाहपुर

***1843 श्रीमती सरवीन चौधरी (शाहपुर):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र शाहपुर को सिविल अस्पताल बनाने की अधिसूचना कब जारी हुई; प्रति सदन के पटल पर रखें;

(ख) इस अस्पताल का शुभारम्भ कब हुआ; और

(ग) वर्तमान में इसकी स्थिति क्या है ?

----

## दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को वर्कचार्ज बनाना

***1564 श्री नरेन्द्र ठाकुर (सुजानपुर):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-

(क) यह सत्य है कि सरकार आठ साल पूरे कर चुके दैनिक वेतन भोगियों को वर्कचार्ज का लाभ दे रही है; और

(ख) यदि हां, तो कब से ?

----

## अनुसूचित जाति उप योजना के अन्तर्गत स्वीकृत धनराशि

***1844 श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहड़ू):**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वर्ष 2013-14 में SC Component Plan के अन्तर्गत कितनी योजनाएं रोहड़ू विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत स्वीकृत हुई; ब्यौरा योजनावार दें; और

(ख) इन योजनाओं हेतु कितनी-कितनी धनराशि स्वीकृत हुई और कितनी खर्च हुई; ब्यौरा सड़कों का अलग से दें ?

----

## Supply of Medicines

***1845 Shri Ravi Thakur (Lahaul & Spiti ):**

Will the **Health & Family Welfare Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is a fact that purchase of medicines is done from the HPSCS Shimla; if yes, are they able to supply medicines before the closure of Rohtang; and

(b) in case the supply is not prompt, does the Government propose to empower CMO Keylong & ADC Kaza to procure medicines in public interest ?

----

## LWSS Thachi-Dadwas

***1846 Shri Jai Ram Thakur (Seraj):**

Will the **Irrigation & Public Health Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is a fact that the work of LWSS Thachi-Dadwas is in progress in Seraj Assembly Constituency; and

(b) if yes, when was the scheme started ?

----

## हैण्डपम्पों की स्थापना

*1847 **श्री रणधीर शर्मा (श्री नैना देवीजी):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-
(क) दिनांक 1 जनवरी, 2013 से 15 फरवरी, 2015 तक प्रदेश में कितने हैण्डपम्प लगाए गए; और

(ख) ब्यौर विधान सभा क्षेत्रश: दें ?

----

## सामाजिक सुरक्षा पैंशन

*1848 **श्री राम कुमार (दून):**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) गत तीन वर्षों में तहसील नालागढ़, बद्दी, कसौली में बुढ़ापा, अपंगता व विधवा पैंशन के कितने मामले लम्बित हैं;

(ख) कितने मामले ऐसे हैं जिन्हें रद्द किया गया है; और

(ग) सरकार भविष्य में पात्र व्यक्तियों को चयनित करने के लिए सर्वेक्षण करवाने का विचार रखती है ?

----

## नगर एवं ग्राम नियोजन के अन्तर्गत पंचायतें

*1849 **श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **शहरी विकास मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) गत एक वर्ष में नाचन विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत कितनी पंचायतों को नगर एवं ग्राम नियोजन के अन्तर्गत लाने की अधिसूचना जारी की गई; ब्यौरा नाम सहित दें;

(ख) इन पंचायतों को शामिल करने से पूर्व क्या पंचायत प्रतिनिधियों से अनापत्ति प्रमाण-पत्र लिए गए थे; ब्यौरा दें; और

(ग) नगर एवं ग्राम नियोजन में डालने से इन पंचायतों को क्या-क्या लाभ मिलेगा ?

----

**शिमलाः 171004.**
**दिनांकः 13 मार्च, 2015.**

**सुन्दर सिंह वर्मा,**
**सचिव।**